T.C.039

015/DM/26

Register Number									

DEPARTMENTAL EXAMINATIONS

TRANSLATION TEST – SECOND PAPER – TRANSLATION OF NEWS PAPER REPORT IN HINDI TO ENGLISH

(Without Books)

Maximum Time : 2.30 hours | Maximum Marks : 100

Answer any FIVE questions. **(5 × 20 = 100)**

Each question carries 20 marks.

Marks will be deducted for bad handwriting.

1. **Translate in English** **(20)**

जीवन अविश्चितताओं से भरा है। कल के बारे में कह पाना मुश्किल क्योंकि जो हम सोचते हैं वैसा ही हो, ज़रूरी नहीं है। पर इसका यह अर्थ भी नहीं कि हम प्रयास करना छोड़ दें। हमें हर दिन अपने आप को पहले से बेहतर बनाना चाहिए यानी हमें हर दिन को पूरी तरह जीना चाहिए। किसी ने कहा है कि जितना हमारे मन में है, हम अक्सर उससे कम ही पाते हैं। यदि ये सच है तो हम क्यों न उससे ज्यादा को लक्ष्म बनायें ताकि हमें उतना ही मिल जाए, जितना हम चाहते हैं। भविष्य में चाहें जो हो, प्रयास कभी कम न रह जाएँ। ज़िन्दगी उतनी मुश्किल नहीं जितनी हमें यह लगती है, न ही उतनी आसान है, जितनी हम इसे कभी-कभी मान लेते हैं, "ऐसा नहीं है कि जैसे यह है बस वैसे ही हम इसे जिए और जो हो रहा है उसे होने दें, बजाय इसके हमें इसे खास बनाने का प्रयास करना चाहिए अगर आपसे कोई गलती हो भी जाए तो कोई बात नहीं, गलती इंसान से ही होती है, बस खुद से दोबारा गलती न करने का वादा करो।" उसे अहमियत ज़रूर दो जो आप को अहमियत देता है और उसे माफ़ कर दो जो नहीं देता। जिंदगी में आगे बढ़ते वक्त सब से अच्छे व्यवहार करना क्योंकि नीचे आते वक्त आप उन्हीं से मिलोगे।

2. **Translate any EIGHT of the following in English** **(20)**

(a) सौ सालों को एक शतक बुलाया जाता है।

(b) सबको प्यार करो जो कोई तुम्हारी जिंदगी में आयें।

(c) गाँव पर कोहरा छा गया है।

(d) कानून के मुताबिक सभी मनुष्य समान हैं।

(e) हम नदी को तैरकर पार कर पाए।

[Turn over

(f) वह अफ़वाह पूरी तरह बेबुनियाद है।

(g) सितारे दिन में नहीं दिखते।

(h) बौद्ध धर्म भारत में पैदा हुआ था।

(i) बिल्ली धीरे से चूहे की तरफ़ बढ़ी।

(j) उसने फटाफ़ट चिट्ठी का जवाब दिया।

3. **Translate the Administrative Phrases in English** **(20)**

(a) अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है।

(b) नियमित रूप से अनुपस्थित रहनेवालों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

(c) कृपया चर्चा करें।

(d) कृपया पुष्टि करें।

(e) प्रस्ताव के अनुसार कार्रवाई की जाए।

(f) टिप्पणी की आवश्यकता नहीं है।

(g) ध्यान में रखा जाए।

(h) स्वीकृति/मंजूरी दी जाए।

(i) कृपया पावती भेजें।

(j) ममला विचाराधीन हैं।

4. **Translate the name of the posts in English** **(20)**

लिपिक, उपनिदेशक, महानिदेशक, संयुक्त सचिव, निरीक्षक, सहायक, टंकक, आशुलिपिक, आयुक्त, निजी सहायक, प्रबंधक, लेखाकार, अभियंता, चिकित्सा अधिकारी, कार्मिक अधिकारी, सलाहकार, वित्त मंत्री, सहायक संपादक, वित्त अधिकारी, नियंत्रक।

5. **Translate the name of the Ministries in English** **(20)**

(a) खान मंत्रालय

(b) कोयला मंत्रालय

(c) दूरसंचार मंत्रालय

(d) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

(e) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

(f) संसदीय कार्य मंत्रालय

(g) पंचायती राज मंत्रालय

(h) युवा कल्याण मंत्रालय

(i) भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय

(j) परिवहन और संचार मंत्रालय

(k) इस्पात और खान मंत्रालय

(l) कार्पोरेट कार्य मंत्रालय

(m) संस्कृति मंत्रालय

(n) लघु उद्योग मंत्रालय

(o) खेल मंत्रालय

(p) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(q) वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्रालय

(r) गृह मंत्रालय

(s) वित्त मंत्रालय

(t) विधि और न्याय मंत्रालय

6. **Translate in English** **(20)**

उसे देखते ही मुझे ख्याल आया कि मैंने उसे पहले भी कहीं देखा है। जब तक मैं ये समझ पाता, यो आँखों से ओझल हो गया। थोड़ी ही देर बाद मैंने किसी को मेरा नाम पुकारते हुए सुना। आवाज़ पीछे से आ रही थी। मैं पीछे घूमा ही था, कि किसी ने मेरी आँखें बंद कर दी। हाथ हटाया तो देखा, वो वही दोस्त था जिसे थोड़ी देर पहले मैंने देखा था। मेरे बचपन का दोस्त, क्या संयोग था। वो सच में एक बेहतरीन दिन था क्योंकि वो मेरे साथ था, जिससे मिलने की चाहत मुझे सालों से थी।